**कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर**
**व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002**
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

## उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर, (छ.ग.) के अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा (HELT24)

### ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

Application Form में क्लिक करते ही "ON LINE APPLICATION FOR "Laboratory Technician Recruitment Examination (HELT24)-2024" हेतु आवेदन पत्र से एक पेज खुलेगा'' जिसमें दी गई जानकारी अनुसार कार्य करें ।

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए निर्धारित समय–सीमा के दौरान भी सुधार कर सकते हैं । इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का समय दिया जायेगा । परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें ।
- आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी भर्ती नियमों को ध्यान से पढ़ें तथा पात्र होने पर ही आवेदन करें ।

Exam Pre-requisite :
**क्या आप विज्ञापित पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता – स्नातक उपाधि के साथ सम्बंधित प्रयोगशाला का विषय (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीवविज्ञान, वनस्पति शास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, मानव विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगर्भशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, सैन्य विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी में से किसी एक विषय का स्नातक स्तर पर अनिवार्य विषय के रूप में होना आवश्यक है) रखते हैं ?**

O Yes **(हॉ)** O No **(नहीं)**
**(हॉ की स्थिति में ही अभ्यर्थी के लिए आवेदन खुलेगा)**

Basic Information –

टीप – मूलभूत जानकारी स्वयं से आपके द्वारा दी गई **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) से आ जायेगी ।**

Exam city का चयन करें ।

(विज्ञापित पद हेतु विभागीय नियमानुसार निःशक्तजन की मान्य श्रेणी –
OL- One Leg, HH- Hearing Handicapped)

For Physically Handicapped Candidate : Do you need to scribe (Writer) ?-
(क्या आपको सहलेखक की आवश्यकता है ?)
Yes या No में से सेलेक्ट करें।

Class/ श्रेणी–

Do you belong to any class ?- क्या आप किसी वर्ग (Eg. भूतपूर्व सैनिक) (थल सेना/नौ सेना/वायुसेना) में कार्यरत थे तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आपको पहचान पत्र जारी किया गया है)

Yes या No में से सेलेक्ट करें।

Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

''मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।''

I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।

**इसके पश्चात Submit में क्लिक करें ।**

..............................................